4

Title: Re: Inclusion of Lower Caste as Scheduled Tribe.

श्रीमती कविता सिंह (सिवान): सभापति जी, आज मुझे सदन के माध्यम से बिहार राज्य की लोक महत्व की बातों को रखने का मौका देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मेरे बिहार राज्य में अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत लोहार जाति पाई जाती है, लोहरा नाम की कोई जाति नहीं पाई जाती है। प्रदेश और देश में लोहार जाति जो पूर्व से ही अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आती है, स्पेलिंग मिस्टेक के चलते उनसे अनुसूचित जनजाति का दर्जा ले लिया गया है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह करती हूं कि लोहार जाति को विधिवत अनुसूचित जनजाति में पूर्व की भांति शामिल करने का मौका दिया जाए।

बहुत-बहुत धन्यवाद।